ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

2022

HINDI

हिन्दी

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 100

अनुदेश :

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *500* शब्दों में निबंध लिखिए : 25

(क) भ्रष्टाचार का उन्मूलन क्यों होना चाहिए

(ख) समाज में व्याप्त चुनौतियाँ और उनका निराकरण

(ग) भारत के प्रजातंत्र की महत्ता और सीमाएँ

(घ) संविधान प्रदत्त कर्तव्य और अधिकार

(ङ) बिहार का गरिमामयी अतीत

(च) देश सर्वोपरि है

2. निम्नलिखित अवतरण का **एक-तिहाई** शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए : 20+5=25

प्राचीन समाज का ध्यान अपनी वृद्धि की ओर अधिक होने के कारण उसने स्त्री के मातृत्व का विशेष आदर किया, यह सत्य है, परंतु सामाजिक व्यक्ति के रूप में उसके विशेष अधिकारों का मूल्य

आँकना संभव न हो सका। उसके निकट स्त्री पुरुष की संगिनी होने के कारण ही उपयोगी थी, उससे भिन्न उसका अस्तित्व चिन्ता करने योग्य ही नहीं रहता था। अपनी संपूर्ण सुविधाओं और समस्त सुखों के लिए स्त्री का पुरुष पर निर्भर रहना ही अधिक स्वाभाविक था, अतः समाज ने किसी ऐसी स्थिति की कल्पना ही नहीं की, जिसमें स्त्री पुरुष से बिना सहायता माँगे हुए ही जीवन पथ पर आगे बढ़ सके। पिता, पति, पुत्र तथा अन्य संबंधियों के रूप में पुरुष स्त्री का सदा ही भरण-पोषण कर सकता था। इसलिए उसकी आर्थिक स्थिति पर विचार करने की किसी ने आवश्यकता ही न समझी। स्त्री के प्रति समाज की यह धारणा इतनी पुरानी हो गई है कि अब अस्वाभाविकता और अनौचित्य को हम एक प्रकार भूल ही गए हैं। अन्यथा ऐसी स्थिति बहुत काल तक न ठहर सकती।

3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1×10=10

(क) इस काम का भार तुम्हारे ऊपर है।

(ख) कई डाक के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(ग) यह पुस्तक को अब अपने पास न रखिए।

(घ) सदैव ससावधान रहो।

(ङ) आप यही समय रवाना हो जाइए, क्योंकि आपको गाड़ी मिल जाए।

(च) साहित्य का जीवन से घोर संबंध है।

(छ) मुझमें तुम झूठे आरोप लगा रहे हो।

(ज) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।

(झ) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।

(ञ) पति-पत्नी के झगड़े का हेतु क्या हो सकता है?

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×5=5

(क) असुर (ख) किरण

(ग) सुंदर (घ) सूर्य

(ङ) वृक्ष (च) हवा

(छ) पत्नी (ज) दुःख

(झ) पृथ्वी (ञ) मछली

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** समासों के समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास बताइए : 1×5=5

(क) भरपेट (ख) यथाशक्ति

(ग) मुँहतोड़ (घ) धनहीन

(ङ) कदन्न (च) भलाबुरा

(छ) त्रिगुण (ज) सन्मार्ग

(झ) गगनचुम्बी (ञ) यथाशीघ्र

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** उपसर्गों के दो-दो शब्द बनाइए : 1×5=5

(क) उन (ख) दु

(ग) कु (घ) सम्

(ङ) नि (च) अव

(छ) निर् (ज) परि

(झ) अधि (ञ) अध

7. अंग्रेजी के निम्नलिखित अनुच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 25

A considerable increase in administrative expenditure has taken place as a consequence of the grant of interim relief to Central Government employees and it is necessary to take vigorous steps to effect economics wherever possible. The Cabinet has decided, inter alia in this connection that a ban on the creation of post on the non-plan side should be imposed. Accordingly, with immediate effect, no post shall be created on the non-plan side except in the cases mentioned in the annexure to this office memorandum. Even in regard to the exempted categories of posts, new items of work should as far as possible, be handled by a redistribution of work among the existing staff and not by fresh recruitment of staff. The ban will be operative not only in the Secretariat and attached offices but also in all subordinate offices. It is further clarified that administrative, executive or ministerial posts in the Ministry or in an attached office or in a subordinate office will not be treated on posts in connection with a plan scheme.

★★★